卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 39 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦15 नवम्बर 2022 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in



THE DENTAL STUDIO
दाँतों का अस्पताल

DR. HARSHDEEP AINGH
B.D.S, MDS (Orthodontist)
Braces Specialist

DR. JASMINE KAUR
B.D.S, UCSF (University of California)
Laser Specilist

- सिंगल सिटिंग आर. सी. टी. (RCT)
- सिंगल सिटिंग इंम्प्लांट (Implant )
- इंम्प्लांट (Implant) द्वारा फिक्स बतीसी एवं ब्रिज बनाना ।
- टूटे हुए दाँतों को लेजर द्वारा तुरन्त बनाना ।
- मुंह की रसौली, गांठ एवं छाले का लेजर द्वारा सफल इलाज।
- फ्रेक्चर जबड़े एवं एक्सीडेंटल जबड़े का सफल इलाज ।
- बिना दर्द के दाढ़, दाँत व सर्जरी द्वारा दाढ़ निकालना ।
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों का सफल इलाज।
- अलाईनर्स (Aligner)
- सिरेमिक ब्रेसिज (Ceramic Braces)
- मेटल ब्रेसिज (Metal Braces )
- खोखले दाँतों में लेजर द्वारा मसाला भरना ।
- पान, गुटके वाले पीले दाँतों का इलाज ।
- बच्चों के दाँतों का पूर्ण इलाज ।
- अल्ट्रा सॉनिक मशीन द्वारा पायरिया वमसूड़ों से खून, बदबू, सूजन का इलाज ।

फ्री डेन्टल चैकअप एवं फ्री डिजिटल एक्स-रे (X-Ray)

दाँतों का सभी प्रकार का इलाज आधुनिक मशीनों द्वारा किया जाता है ।

Opp. Om Hospital, Near BHEL Petrol Pump, Nainital Road, Rudrapur (U.S.Nagar)
Mob. 9917111112, 7007849961


## पुलिस के खिलाफ निकाला गुबार

### व्यापारी नेता के पुत्र पर हमले को लेकर किया धरना-प्रदर्शन, व्यापारियों और किसानों का मिला समर्थन



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। किच्छा में बीते दिनों व्यापार मण्डल जिला महामंत्री निर्मल सिंह हंसपाल के पुत्र जगदीप सिंह हंसपाल पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में आज पूर्व मंत्री एवं विधायक तिलक राज बेहड़ के नेतृत्व में कांग्रेसियों और व्यापारियों ने एसएसपी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर धरना दिया। धरना प्रदर्शन को किसानों ने भी अपना समर्थन दिया। इस दौरान कांग्रेसियों ने पुलिस पर राजनैतिक दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए घटना के सभी दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। बता दें बीते दिनों किच्छा में निर्मल सिंह हंसपाल के पुत्र जगदीप हंसपाल पर जानलेवा हमला करते हुए हमलावरों ने उसे जान से मारने की कोशिश की थी जिसमें जगदीप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका अभी भी उपचार चल रहा है। हालाकि मामले में पुलिस दो लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है लेकिन व्यापारी इस खुलासे से संतुष्ट नहीं है। घटना के विरोध में आज पूर्व मंत्री एवं किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ की अगुवाई में बड़ी संख्या में कांग्रेसी और व्यापारी एसएसपी कार्यालय पहुंचे और विरोध प्रदर्शन कर पुलिस के खिलाफ गुस्से का इजहार किया। इस दौरान किच्छा के सीओ और कोतवाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गयी और दोनों को हटाने की मांग की गयी। धरना प्रदर्शन में किच्छा, रूद्रपुर के अलावा गदरपुर समेत अन्य शहरों से भी व्यापारी पहुंचे। साथ ही किसानों ने भी धरना प्रदर्शन को समर्थन दिया। इस दौरान पूर्व मंत्री बेहड़ ने कहा कि किच्छा में पुलिस प्रशासन राजनैतिक द्वेष भावना से काम कर रहा है। चुनावी रंजिश के चलते जानबूझकर कांग्रेसियों को निशाना बनाया जा रहा है। पूर्व में भी इस तरह की घटनायें सामने आ चुकी हैं लेकिन पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

## मकान में भड़की आग जिंदा जले बुजुर्ग दंपत्ति

- मकान में अकेले रहते थे दंपत्ति
- देर रात हुआ भीषण अग्निकाण्ड

पौड़ी (उद ब्यूरो)। सोमवार देर रात पाबौ के ग्राम थापली में एक लकड़ी और पठार के बने मकान में आग लग गई। इस दौरान हादसे में अंदर सो रहे बुजुर्ग दंपती की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम प्रहरी सुनील व ग्राम प्रधान दीपक ने चौकी को रात करीब दस बजे आग लगने की सूचना दी। सूचना पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पौड़ी व चौकी प्रभारी पाबौ में फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। फायर सर्विस को भी मौके पर बुलाया गया। फायर सर्विस और पुलिसकर्मियों की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। टीम अंदर पहुंची तब तक 90 वर्षीय बंदूर लाल पुत्र गंभीरू लाल और 85 वर्षीय गोदावरी देवी पत्नी बंदूर लाल की मौत हो चुकी थी। दंपती घर में अकेले ही रहते थे। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लिया पोस्टमार्टम एवं पंचायत नामा के लिए जिला अस्पताल पौड़ी भिजवाया।



## एसटीएफ ने दबोचे दो ईनामी बदमाश

हरिद्वार/रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसटीएफ ने देर रात दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश में गैंगस्टर और बड़े अपराधियों की निगरानी रखने व उनके सक्रिय सदस्यों की पहचान कर उनके विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश टीमों को दिए गए थे। जिसके तहत देर रात एसटीएफ टीम ने हरिद्वार के भगवानपुर थाने के एक अपराधी शुभम पंवार को ग्राम सिकरोड़ा थाना भगवानपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। चार जुलाई 2022 में थाना भगवानपुर के तत्कालीन एसएचओ द्वारा डीजल-पेट्रोल पदार्थो की चोरी करने वाले एक 12 सदस्यों के संगठित गिरोह के विरुद्ध गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें शुभम कुमार, माह जुलाई से लगातार वांछित चल रहा था। उस पर हरिद्वार पुलिस की ओर से 10000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। वहीं एसटीएफ ने देर रात छापा मारकर गदरपुर के एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि एसटीएफ की सूचना पर जनपद उधम सिंह नगर पुलिस को साथ लेकर ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया। जिसमें थाना गदरपुर के 25000 के इनामी अपराधी करणवीर संधू पुत्र अंग्रेज सिंह निवासी लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश को पंजाब के तरनतारन जिले से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार इनामी अपराधी करणवीर संधू पर अपने साथी जुगराज सिंह उर्फ जग्गा के (शेष पृष्ठ सात पर)

## हादसे में घायल सिपाही ने अस्पताल में तोड़ा दम

### चेकिंग के दौरान ट्रक ने मारी थी टक्कर ,निजी अस्पताल में चल रहा उपचार





दिवंगत सिपाही को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गयी।

किच्छा(उद संवाददाता)। चुकटी स्थित टोल के पास वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक की टक्कर से घायल हुए कांस्टेबल की उपचार के दौरान मौत हो गयी। घायल सिपाही की मृत्यु से पुलिस विभाग में शोक की लहर है। पुलिस लाईन में बता दें 6 नवम्बर की रात लालपुर चौकी पुलिस के सिपाही लक्ष्मण सिंह बिष्ट अन्य पुलिस कर्मियों के साथ चुकटी देवरिया टॉल प्लाजा के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान लकड़ी से ओवर लोड ट्रक संख्या यूके 06 सीए 7713 को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। ट्रक चालक ने ट्रक को रोकने की जगह ट्रक की रफ्तार बढा दी और सामने खड़े पुलिस कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह बिष्ट की तरफ ट्रक काट दिया। लक्ष्मण ने बचने का प्रयास किया, परंतु तेज रफ्तार ने उसे संभलने का मौका नहीं दिया और ट्रक उसे टक्कर मारते हुए निकल गया। लक्ष्मण लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गया। आनन फानन में घायल लक्ष्मण को एंबुलेंस से गंभीर हालत में रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। लक्ष्मण को उपचार के दौरान होश नही आया था। चिकित्सक भी लगातार उसकी जान बचाने का प्रयास कर रहे थे। परंतु लक्ष्मण सोमवार रात जिंदगी की जंग हार गया। उसने देर रात दम तोड़ दिया। कांस्टेबल की मौत की सूचना (शेष पृष्ठ सात पर)

## रिवाल्वर की नोक पर युवती को अगवा करने की कोशिश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विगत रात्रि ट्रांजिट कैम्प की कौशल्या एन्क्लेव कालोनी में कार सवार कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर रिवाल्वर की नोक पर युवती को अगवा करने का प्रयास किया । शोर मचाने पर वह धमकी देते हुए फरार हो गये। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में कौशल्या एन्क्लेव निवासी सर्वजीत कौर पत्नी जगवीर सिंह ने कहा है कि 13 नवम्बर की रात्रि उसके मोबाईल पर धमकी भरी काल आयी जिसमे हमे जान से मारने के लिए बोला गया। सर्वजीत ने बताया कुछ देर बाद ही कार संख्या यूए 06 एफ 5101मे सवार 3 व्यक्ति तरविन्दर (शेष पृष्ठ सात पर)

## जनसमस्याओं को लेकर निकाला जुलूस




हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में माले ने शहीद स्मारक से लालकुआं तहसील तक जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते हुए तहसील प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किए। तहसील परिसर में हुई सभा में भाकपा माले राज्य सचिव राजा बहुगुणा ने कहा कि बिन्दुखत्ता की जनता पिछले चार दशक से भी अधिक समय से राजस्व गांव बनाए जाने की मांग कर रही है। यहां की जनता की मांग पर लालकुआं से चुने गए पिछले सभी विधायकों व वर्तमान भाजपा विधायक ने जनता की आकांक्षा के अनुरूप बिन्दुखत्ता को राजस्व गांव बनाने का वायदा किया था। लेकिन सरकार बनने के बाद एक बार फिर से उत्तराखंड की भाजपा सरकार जनता के साथ वादाखिलाफी कर रही है और राजस्व गांव के मुद्दे को गलत दिशा में ले जाने की कोशिश की जा रही है। जबकि जरूरत इस बात की है कि राजस्व गांव का प्रस्ताव राज्य मंत्रिमण्डल और उत्तराखंड राज्य विधानसभा से पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जाय। उन्होंने कहा कि वन संरक्षण नियम-2022 देश के वनवासियों, आदिवासियों और वनाधिकार कानून दोनों के लिए खतरा है। किसान महासभा के जिलाध्यक्ष भुवन जोशी ने कहा कि आवारा पशु आज किसानों और आम जनता के जी का जंजाल बन गये हैं। इसका मुख्य कारण पशुओं की खरीद (शेष पृष्ठ सात पर)

## बैंक से चालीस लाख की धोखाधड़ी में सगे भाई नामजद

### भूमि के कागजात बंधक रख लिए लोन, बाद में दूसरे के नाम करा दिया रजिस्टर्ड बैनामा

काशीपुर(उद संवाददाता)। बैंक में जमीन के कागजात बंधक रखकर 40 लाख की रकम लोन लेने के बाद गुपचुप तरीके से भूमि बेचने का एक हैरतअंगेज मामला प्रकाश में है। धोखाधड़ी के ऊपर मामले में पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर 2 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्रकरण की बारे में न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर इंडियन ओवरसीज बैंक काशीपुर के शाखा प्रबंधक योगेश चंद्र ने बताया कि मैसर्स श्रीकृष्ण विकर्स इंडस्ट्रीज ग्राम बरखेड़ा पांडे महुआखेड़ागंज के धीरज कुमार शर्मा व नीरज कुमार शर्मा पुत्रगण नरेश कुमार शर्मा ने वर्ष 2017 की 4 अगस्त को सी.सी लिमिट 25.00,000 रूपये एवं 15,00,000 रूपये, टर्म लोन कुल 40 लाख रुपये की ऋण सुविधा ली थी तथा बैंक के जमानत पत्रों व अन्य दस्ताबेजों पर हस्ताक्षर किये थे। जिसके तहत धीरज कुमार के सगे भाई नीरज कुमार शर्मा पुत्र श्री नरेश कुमार शर्मा की दो किता आराजी के रजिस्टर्ड मूल बैनामें जिनका इन्द्राज सब रजिस्ट्रार कार्यालय काशीपुर एवं (शेष पृष्ठ सात पर)

# धूमधाम से मना राजकीय इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर जबरदस्त समा बांधा। विद्यालय परिसर में बाल मेला भी लगाया गया। खेल एवं निबंध लेखन में राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने वाले विद्यालय के छात्र उदय सरदार एवं राम पाठक को उप जिलाधिकारी तुषार सैनी एवं कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे ने स्मृति देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी की अध्यक्षता मे कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, विशिष्ट अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी उधम सिंह नगर आर सी आर्य, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, खंड शिक्षा अधिकारी दलेल सिंह राजपूत ने ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम पेश कर जबरदस्त समा बांधा। विद्यालय परिसर में आयोजित बाल मेले में छात्रों द्वारा विभिन्न स्टॉल लगाए गए। उप जिलाधिकारी तुषार सैनी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा किसी भाषा का मोहताज नहीं है।भाषा शिक्षा का माध्यम है।कहां छात्र शिक्षा के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व काभी विकास करें। उन्होंने छात्रों से कहा की सोशल मीडिया का इस्तेमाल ज्ञान अर्जित करने के लिए करें। सोशल मीडिया आपका इस्तेमाल न कर पाए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों के ग्रुप द्वारा सुंदर प्रस्तुति पर उप जिलाधिकारी ने उन्हे 2100 रुपए देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर 2021 -22 के परीक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र कक्षा 6 के आदर्श मल्लिक, सागर हालदर, विक्रम सरदार कक्षा 7 के संदीप मंडल, कृष्ण समाद्दार, विशाल मंडल, कक्षा आठ के रविंद्र यादव, हर्ष गोयल, हरपाल सिंह कक्षा 9के दीपक रावत, दीपंकर माझी, अक्षय मंडल, राज मंडल, प्रेम साना, राजकुमार मंडल, विशाल मंडल सुमित पाल ,शुभम सरकार, कक्षा 10 के करन दास , रुईदास मंडल, सत्यजीत विश्वास, संदीप राय, संदीप विश्वास, कक्षा 11 के पल्लवी ढाली , मनीष विश्वास, रोहित राना, कक्षाओं में सर्वाधिक उपस्थिति में जीत हालदार, धीरज कुमार राय ,शिवा सरकार, सुजल हालदार, बलजीत सिंह ,करण दास, रुईदास मंडल ,सत्यजीत विश्वास, संदीप राय ,संदीप विश्वास,उत्कृष्ट कार्य के लिए करण दास ,अनुशासन में अंकित हालदार ,एनसीसी मे उत्कृष्ट कार्य के लिए दीपक राय,निशांत बाल्मीकि, पीयूष ढल, सुमित पाल ,हरपाल सिंह ,गोविंद सिंह ,सरबजीत सिंह, मनजीत सिंह, विनोद कुमार ,बलविंदर सिंह, कौशल, धीरज कुमार को विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्मृति चिन्ह सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी, राज कमल सिंह शंकर डाकुआ अमित पांडे,चंदन विश्वास ,हरि शंकर यागिक, अशोक वर्मा, मंजू आर्य, शाहीन जहीन, बी एल पटेल आदि मौजूद थे।



# दारोगा के खिलाफ जसपुर व बाजपुर के अधिवक्ताओं ने जताया आक्रोश

काशीपुर(उद संवाददाता)। वयोवृद्ध अधिवक्ता शफीक अहमद के साथ पुलिस द्वारा की गई अभद्रता तथा गैर कानूनी ढंग से ली गई रकम को लेकर अधिवक्ताओं का आक्रोश कम होने का नाम नहीं ले रहा है। आज यानी मंगलवार को भी अधिवक्ताओं ने दारोगा के खिलाफ कार्यवाही ना होने के एवज में कचहरी परिसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर से पुलिस प्रशासन एवं एसएसपी का पुतला दहन किया। इस दौरान गुस्साए अधिवक्ताओं ने तल्ख लहजे में चेतावनी दी कि यदि दरोगा को अभी यहां से नहीं हटाया गया तो भविष्य के परिणाम और गंभीर होंगे। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश की जनता उत्तराखंड पुलिस का असली चेहरा देख चुकी है। कहां कि प्रतीत होता है कि पूरे पुलिस प्रशासन ने एस आई



नवीन बुधानी को रंगदारी तथा अवैध वसूली के लिए विशेष तौर पर कटोराताल पुलिस चौकी में तैनात किया है। अधिवक्ताओं की इस आंदोलन में काशीपुर के अलावा जसपुर तथा बाजपुर के भी अधिवक्ताओं ने अपना समर्थन देते हुए मामले की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है। विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन करने वालों में संजय चौधरी, उपाध्यक्ष ताजबर अब्बास नकवी ,सचिव प्रदीप कुमार चौहान, अनिल कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष सनत कुमार पैगीया, आय व्यय निरीक्षक भास्कर त्यागी ,पुस्तकालय अध्यक्ष कैलाश सिंह बिष्ट, प्रेस प्रवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा एवं रहमत अली खान सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य व बार काउंसिल के सदस्य हरीश नेगी एडवोकेट वीरेंद्र चौहान, आलोक माथुर ,अब्दुल रशीद, उमेश जोशी ,संजय रोहिला, राम कुवर चौहान, अनिल सहरावत आनंद स्वरूप रस्तोगी,ओमप्रकाश अरोरा,अजय अरोरा आदि अधिवक्तागण शामिल रहे।

# बालिका इंटर कालेज में नेस्ले कंपनी द्वारा बनवाए गए शौचालय का किया उदघाटन

सुल्तानपुर पट्टी(उद संवाददाता)। रा बा.इ.का में बाल दिवस घूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करते हुए पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस मौके पर नेस्ले कंपनी द्वारा बनवाए गए शौचालय का भी उद्घाटन किया गया। बाल दिवस के मौके पर बोर्ड परीक्षा 2021-22 में प्रथम आने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। ।इतिहास प्रवक्ता मंजू थापा ने पं जवाहर लाल नेहरू के बारे में अपने विचार व्यक्त किये ।तथा कार्यक्रम का संचालन किया ।इंटर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर कु अनम को,हाईि ० मे प्रथम स्थान प्राप्त करने पर कु कुमकुम को शील्ड देकर सम्मानित किया ।प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं में इल्मा,नीतू मोबीन अनजुम,रुबीना खातून,विधि,अफसा को शील्ड देकर पुरस्कृत किया। तथा इंटर में 39 प्रथम छात्राओं को हाईस्कूल में 34 प्रथम छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में विभिन्न क्रियाकलापों में प्रथम स्थान पाने वाली छात्राओ में,कु अदीबा, साईना, रिमझिम,शिवानी,लवी,जीनत, मोनिका, मोगिता,ज्योति,कामिनी,नूर अफ्शा, सानिया,मन्नत,को मेडल देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सर्वाधिक उपस्थिति रहने पर नर्गिस बी,नीलम को पुरस्कृत किया। इस उपलक्ष्य में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम समूह गीत,नृत्य,कुमाऊँनी लोकनृत्य, भाषण,कविता प्रस्तुत हुए। मुख्य अतिथि ने विद्यालय की व्यवस्था की प्रशंसा की तथा बच्चों को बाल दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में पुरुषोत्तम सिह,जुम्मा भारती,सलीम अहमद, जाहिद हुसैन,गिरीश चन्द्र मोर्य,फायम मली, रविप्रकाश,मो फारुख, मुनी देवी, वसीम जहाँ, कान्ता देवी अभिभावक मध,पूनम,मंजू बाला नरेश,शोभा, नसीम, सविता समस्त स्टाफ शोहेल,लक्ष्मी कोरंगा,सुमन बाला, महनाज, आरती, साबिरा खातून आदि मौजूद रहे।



# शिक्षा एवं खेल क्षेत्र में अग्रणी बालिकाओं को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)।बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में यूथ फेडरेशन राजस्थान की स्थानीय इकाई द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में एक कार्यक्रम आयोजित करके विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणीय रहते हुए कार्य करने वाली बालिकाओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य माया चनयाना के निर्देश पर यूथ फेडरेशन की उत्तराखंड अध्यक्ष गीता सक्सेना के दिशा निर्देशन आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं की बालिकाओं को विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी रहकर क्षेत्र का नाम रोशन करने पर सम्मानित किया गया जिसमें 400,500 एवं 1500 मीटर दौड़ में हनी,गोला फेंक में प्रथम काजल,800 मीटर दौड़ में द्वितीय शोभा,लंबी कूद में प्रथम डोली और वंदना,800 एवं1500 मीटर दौड़ में प्रथम शिवानी, अनुशासन में पायल,हर्षिता, सिमरन एवं बीना,शिक्षा में 14 वें स्थान पर रही अलीशा को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया स इस मौके पर गीता सक्सेना ने कहा कि यूथ फेडरेशन राजस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह राठौर द्वारा बालिकाओं के उत्साहवर्धन के लिए उन्हें पुरस्कृत करने के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं ताकि अन्य बालिकाओं को भी सक्रिय होकर शिक्षा,खेल एवं अन्य सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय भूमिका का निर्वाह करने की प्रेरणा प्राप्त हो इस मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य कुसुम लता,माया भोज,मिनती रानी विश्वास,नीरजा वर्मा, ललिता,निशा,तारा,नीमा, सपना,रेखा,कमलेश,वंदना नरवाल, संजीव पांडे,देवेंद्र रौतेला, रोजा दीन, रश्मि,विमला,नीतू, फूलमती, संगीता, मुन्नी एवं कमलावती आदि मौजूद रहे।




# एक्सीडेंट के आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। कार को तेजी व लापरवाही से चलाकर बाइक सवार व्यक्ति को टक्कर मारते हुए उसे मौत के घाट उतारने के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर अलीगंज बुरहानपुर थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी दीपेंद्र सिंह पुत्र बाबूराम सिंह ने बताया कि बीते 23 सितंबर को उसका भाई बिरेंद्र सिंह बड़े भाई सुरेंद्र सिंह के साथ मोटरसाइकिल संख्या यूके07डीवी/0310 पर सवार होकर काशीपुर से वापस घर की ओर लौट रहे थे इसी दौरान अलीगंज रोड पर सेंट मेरी स्कूल के पास मारुति कार संख्या यूके 06 जी/0249 कि चालक नाम पता ज्ञात नहीं तेजी व लापरवाही से कार चलाकर मोटरसाइकिल में पीछे से टक्कर मारते हुए बाइक पर पीछे सवार उसके भाई विजेंद्र को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस दौरान उपचार के लिए जब उसे राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया तो वहां परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने विजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। घटना की तत्काल बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि घटना के वक्त कार लावारिस हालत में मौके पर खड़ी थी लेकिन दूसरे दिन कार घटनास्थल से गायब मिली। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# सीएम ने की मानसी और सूरज को एक एक लाख देने की घोषणा

देहरादून(उद संवाददाता)। मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में 37वें नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 10 किमी रेस वाक में नेशनल रिकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली मानसी नेगी और एथलीट सूरज पंवार ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दोनों एथिलीट को एक-एक लाख रुपये की धनराशि देने की घोषणा की। खेल विभाग की नियमावली के मानकों के अनुसार पदक जीतने पर जो धनराशि दी जाती है, इन दोंनों खिलाड़ियों को वह धनराशि भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री धामी ने दोनों एथलीट को आगामी खेलों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगे भी राज्य सरकार की ओर से ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों को हर संभव मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री धामी ने दोनों एथलीट के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर उप क्रीडा अधिकारी एवं इन दोनों खिलाड़ियों के कोच अनूप बिष्ट एवं एथलीट मनीष बिष्ट मौजूद थे।






# 'अतिथि सेवा' कैंटीन में डीएम ने परखी भोजन की गुणवत्ता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने जिला प्रशासन द्वारा संचालित नि:शुल्क भोजन व्यवस्था 'अतिथि सेवा' कैंटीन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कैंटीन में बने पकवान राजमा-चावल चावल को खाकर भोजन की गुणवत्ता को परखा। जिलाधिकारी ने खाने की गुणवत्ता सही पाए जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले आगंतुकों को स्वच्छ माहोल में गुणवत्ता युक्त भोजन मिलता रहे। कैंटीन में भोजन करने के उपरांत अधिकारी ने स्वयं अपने हाथों से थाल धोकर साफ की। थाल धोकर जिलाधिकारी ने स्पष्ट संदेश दिया कि कोई भी कार्य छोटा बड़ा नहीं होता है और प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता एवम सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए।जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह को निर्देशित करते हुए कहा कि सप्ताह में कम से कम एक दिन भोजन का स्वाद लेते हुए भोजन की गुणवत्ता की जांच जरूर की जाए। गौरतलब है कि जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले फरियादियों हेतु जिला कार्यालय में जिला प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को नि:शुल्क थाल सेवा ''अतिथि सेवा'' शुरू की गई है। इस दौरान उप जिलाधिकारी प्रत्युष सिंह, ओसी कलेक्ट्रेट मनीष बिष्ट ने थाल सेवा का स्वाद लिया। इसके साथ ही बाहर से आने वाले 28 आगंतुकों द्वारा नि:शुल्क थाल सेवा का आनंद लिया।इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम जाफरपुर से पहुंची महिलाओं की आवास सम्बन्धी फरियाद सुनकर मौके पर ही उप जिलाधिकारी को भूमि का मौका-मुआयना कर भू- अभिले खानुसार आवास हेतु भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी प्रत्युष सिंह, ओसी कलेक्ट्रेट मनीष बिष्ट, जिला सूचना अधिकारी अहमद नदीम सहित वैयक्तिक अधिकारी आनन्द विश्वकर्मा, कमलेश पंत आदि उपस्थित थे।



# हथियारों से परिजनों पर हमला

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम अर्जुनपुर में हथियारों से लैस कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर परिजनों पर हमला कर महिला से अभद्रता की। इस दौरान बचाव करने आये व्यक्ति को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में गुरमीत कौर पत्नी गुलविन्दर सिंह निवासी ग्राम अर्जुनपुर ने कहा है कि 7 नवम्बर की रात्रि ग्राम अर्जुनपुर में निवास करने वाले राजेन्द्र सिंह पुत्र करनैल सिंह, बलजीत सिंह पुत्र मंगा सिंह उसके घर के भीतर आ गये। राजेन्द्र सिंह के हाथ में तमंचा व बलजीत सिंह ने हाथ में पंजा पहना हुआ था। आते ही उन्होंने उसके पति पर हमला कर दिया। राजेन्द्र ने तमंचे की बट से तथा बलजीत सिंह नें पंजे से अंधाधुंध जान लेवा प्रहार शुरू कर दिये और उसके पति को बेसुद्ध कर जमीन पर गिरा दिया। जब वह बीच बचाव के लिए आई तो दोनो ने उसके साथ अभद्रता शुरू कर दी। शोर मचानेपर एक परिचित बीच बचाव के लिए आ गया तो उक्त लोगो ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। इसी बीच आस-पास के लोगों के आ जानले से हमलावर जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**किराये हेतु**

आर आर क्वार्टर,श्री सनातन धर्म कन्या इंटर कालेज, रुद्रपुर के पास किराये हेतु खाली है-

हॉल 24X34 बेसमेंट,
हॉल 27X37 फस्ट फ्लोर
दुकान 8X10 एवं 12X14
10X34 ग्राउंड फ्लोर

-:सम्पर्क करें:-
मो.9927864711,8449418120

# ब्रिलियंट एकेडमी में धूमधाम से मनाया बाल दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप स्थित ब्रिलिएंट एकेडमी में पूर्व प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्म दिन बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक परिमल रॉय ने व प्रधानाचार्या बुलबुल रॉय ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसके पश्चात समस्त शिक्षक शिक्षिकाओ द्वारा पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। विद्यालय प्रबंधक परिमल राय एवं प्रधानाचार्य बुलबुल राय ने समस्त छात्र छात्राओं को बाल दिवस की बधाई दी तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का आज ही के दिन जन्म हुआ था। उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में देश में कई विकास कार्य कराए और विश्व में भारत की प्रतिष्ठा को गौरवान्वित किया। श्री राय ने कहा कि देश के युवाओं को पंडित नेहरू के आदर्शों पर चलकर देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। युवाओं को समाज में व्याप्त बुराइयों एवं



कुरीतियों को दूर करने के साथ ही नशे के खिलाफ व्यापक स्तर पर लोगों को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा पंडित जवाहरलाल नेहरु की सुपुत्री इंदिरा गांधी ने भी प्रधानमंत्री के रूप में देश में कई वर्षो तक शासन किया और देश को विश्व के विकसित देशों के साथ खड़ा करने में निरंतर कार्य किया। उनके पश्चात स्वर्गीय इंदिरा गांधी के सुपुत्र राजीव गांधी ने भी प्रधानमंत्री के रूप में देश के विकास को आधुनिक रूप देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्हीं के प्रयासों से देश में कंप्यूटर युग प्रारंभ हुआ। आज सभी जगह कंप्यूटर का उपयोग किया जा रहा है। ऐसे महापुरुष को देशवासी कभी नहीं भुला पाएंगे। बाल दिवस के मौके पर विद्यालय में कई खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें बिस्कुट रेस, फ्रॉग रेस, कुर्सी दौड़, खो खो, चम्मच दौड़ वाद विवाद एवं अंताक्षरी प्रतियोगिता आदि शामिल हैं। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में बच्चों ने बाल दिवस पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये और पंडित नेहरू के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर दुर्जनलाल कश्यप, सुमन देवी, शान्ति आर्या, ज्ञानवती, गायित्री, आरती श्रीवास्तव, कनिका, रोहित कुमार सिंह, शशिप्रभा जायसवाल, मोनिका अरोरा, सीमा सिंह निषाद, राधा गुप्ता,सुब्रत मल्लिक, शीला गंगवार,रूपा राठोर, अनुपमा सिंह, करिश्मा सक्सेना,पूजा सैनी, अंजलि प्रजापति, प्रियंका पाठक, ज्योति सिंह, पिंकी कन्नौजिया, साक्षी, विमलेश गंगवार, अनीशा,जया, शालिनी विश्वकर्मा, शालिनी कश्यप, प्रतीक्षा गंगवार आदि मौजूद थे।

**Shri Shyam Properties**

Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property

CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

**वाटर प्रूफिंग**

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर




# संसार में ऊँ ही सर्वोत्तम व सर्वोपरि: आचार्य सतीश चंद्र

शांतिपुरी(उद संवाददाता)। शांतिपुरी नंबर 2 में प्रमोद चंद्र जोशी एवं श्रीमती पुष्पा देवी के निवास स्थान में चल रही शिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस में व्यास आचार्य सतीश चंद्र लोहनी ने शिव जी की महिमा के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान शिव ही संसार बनने के कारण हैं, परमात्मा ने सबसे पहले ऊँ प्रणव प्रगट किया और जिससे पंचमहाभूत प्रगट हुए ।पंचमहाभूत से यह संसार बना है। योगी घर परिवार संसार छोड़कर हिमालय की गुफाओं में बैठकर साधना करते हैं। भोग और मोक्ष दोनों प्राप्त करते हैं ,ऊँ की साधना से जीवन में सभी इच्छाओं की पूर्ति व अंत में मोक्ष प्राप्त सहजता से हो जाता है। संसार में ऊँ ही सर्वोत्तम व सर्वोपरि कहा जाता है। इसका प्रमाण है की ऊँ बिना कोई मंत्र नहीं बोला जाता व न मंत्र होता है। इसलिए ऊँ साक्षात शिव ही है। कथा 21 नवंबर तक चलेगी उसी दिन शिव महापुराण का समापन होगा। इस अवसर पर ललित मोहन जोशी, सुभाष जोशी व दिनेश जोशी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# 22वां शरदोत्सव मेला 17 दिसंबर से: विक्की

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मानव विकास सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं की एक बैठक संस्थान के अध्यक्ष फिल्म निर्माता-निर्देशक विक्की योगी की अध्यक्षता आयोजित हुई। बैठक में सर्व सहमति से यह निर्णय लिया गया कि इस बार शरदोत्सव मेला पांच दिवसीय होगा जिसका उद्देश्य सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रूप देना, फिल्म संस्कृति एवं पर्यटन को बढ़ावा देते हुए स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करना है। संस्था की सचिव रिया टम्टा ने कहा कि शरदोत्सव मेला हल्द्वानी में सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं के विभिन्न उत्पादों की विकास प्रदर्शनी लगाई जाएगी। बच्चों के लिए आकर्षक चीजें होंगी। समिति द्वारा स्मारिका मां बगलामुखी की महिमा का प्रकाशन किया जाएगा। स्मारिका प्रभारी रमाकांत पंत एवं कार्यकारी संपादक गिरीश चंदोला को बनाया गया है। श्री योगी ने कहा कि शरदोत्सव मेले में इस बार विभिन्न प्रांतों से लगभग 1000 कलाकार 5 दिन में अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। बॉलीवुड मुंबई के चिर परिचित चेहरे कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों का



मनोबल बढ़ाने आएंगे। बैठक में सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित किया गया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शरदोत्सव मेला समिति हल्द्वानी में जिलाधिकारी नैनीताल मुख्य संरक्षक एवं नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी संरक्षक बनाया जाएगा। समिति का प्रतिनिधिमंडल शीघ्र जिलाधिकारी एवं मंडलायुक्त से मिलकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयारी की जानकारी देते हुए उचित सलाह लेंगे। इस अवसर पर समिति के मुख्य संस्थापक सदस्य डॉक्टर जेएस खुराना, रंगकर्मी चंदन भाकुनी, सचिव रिया टम्टा, दीपक कुमार, गोपाल सिंह, राजू शर्मा, प्रदीप सिंह, अंजना सिंह, विजया, रवि प्रकाश, सुनीता, सौरभ कुमार, वरिष्ठ लोक गायक जगदीश उपाध्याय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जन्मभूमि हाई स्कूल में बाल दिवस की रही धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जन्मभूमि हाई स्कूल ट्रांजिट कैंप में बड़े हर्षोल्लास के साथ चाचा नेहरू के



जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें महान व्यक्तियों की जीवनी पर आधारित कला एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता तथा अन्य विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा स्टॉल लगाकर मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक डॉ. सुमित राय, विद्यालय के नवनियुक्त प्रधानाचार्य रशपाल सिंह तथा सह अध्यापक अध्यापिका सचिन, चित्रा, सुमित्रा, दीपिका, सोनाली, उजाला, अनीता, भावना,ममता,संगीता,पूनम गंगवार, नीतू, पूजा, सरिता, पायल, नीलम,अंजू,नीलम कोरी, ममता दास, पिंकी,ममता कुमारी त्रिलोक, नीतीश सर,सुनीता मौसी ,आशा मौसी,संगीता मौसी आदि स्टाफ उपस्थित थे। अंत में सभी बच्चों को प्रधानाचार्य तथा प्रबंधक द्वारा आशीष वचनों के साथ संबोधित किया गया व पंडित नेहरू के व्यक्तित्व एवं चारित्रिक गुणों को बालक बालिकाओं के व्यक्तित्व में लाने का प्रयत्न किया गया। प्रधानाचार्य तथा प्रबंधक द्वारा प्रत्येक बालक बालिकाओं को मिष्ठान वितरित किया गया ।

# विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने मनाया स्पोर्ट्स डे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जन कल्याण एवं बाल विकास संस्थान द्वारा संचालित स्टार्ट इंस्टिट्यूट में स्पोर्ट डे स्टेडियम में मनाया गया। मुख्य अतिथि सचिन कुमार पाठक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर ने खेल का शुभारंभ किया। साथ ही संस्थान के बच्चो तथा अभिभावकों से मिले और खेल मे विजयी छात्र-छात्राओं को प्रथम,द्वितीय व तृतीय पुरस्कार वितरित किए। इस दौरान समाजसेवी उदय पाल द्वारा दिए गए ट्रैक सूट भी बच्चों को वितरित किए गये। संस्थान के फाउंडर डायरेक्टर डॉ माधवी अवस्थी ने सभी अभिभावकों के साथ बातचीत व उनकी समस्याओं को जाना व उनको दूर करने



की आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि का स्वागत बच्चों द्वारा बैज लगाकर किया गया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेल कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर प्रथम द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार जीते। बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी खेल गतिविधि में भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान का समस्त स्टाफअभिभावक व बच्चे उपस्थित थे।

# बाल दिवस पर बच्चों को बांटे उपहार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।बाल दिवस के अवसर पर ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन ने आईसीडीएस विभाग और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विकास भवन और जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र (जिला अस्पताल) में कार्यक्रम का



आयोजन किया। जिसमें डीईआईसी सीएमओ, अस्पताल विभाग आंगनबाडी कार्यकर्ता, बच्चे एवं माताएं उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में बच्चों भाग लिया। विजेताओं और उपस्थित बच्चों को ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन द्वारा उपहार प्रदान किए गए। ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन की ओर से डीपीओ मोहित सक्सेना, क्षेत्र समन्वयक सुप्रिया पाठक, सुनीता गोस्वामी, निष्ठा सक्सेना, रितिका और अनुज सिन्हा उपस्थित थे।

# संशोधित पेंशन के लिए हाई कोर्ट में की अपील

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्युत विभाग के सेवानिवृत कर्मी एवं आरटीआई कार्यकर्ता रमेश चन्द्र खन्ना ने संशोधित पेंशन को लेकर हाई कोर्ट में अपील की है। जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि दो वर्ष पूर्व पेंशन संशोधन के विभागीय आदेश होने के उपरांत विद्युत पेंशनरों की पेंशन संशोधन नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा अधिकारी व संबधित कर्मचारी पेंशनरों का उत्पीड़न कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि आरटीआई कार्यकर्ता होने के कारण आर्थिक रूप से प्रताड़ित करते हुए 1जनवरी 2016 में धनराशि पेंशन से यह कहकर काट ली गई कि आप अधिक प्राप्त कर रहे थे। अब पुनः संशोधन पर वह धनराशि पेंशन आदेश प्रतिलिपि पर दिखाई गई कि आप 1 जनवरी 2016 से प्राप्त कर रहे हैं। जबकि ऐसी दिखाई गई राशि प्राप्त नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बताया इस सम्बंध में विद्युत विभाग रूद्रपुर व उर्जा विभाग देहरादून कार्यालयों में अवगत कराने पर कोई कार्यवाही न होने पर उच्च न्यायालय नैनीताल में न्याय प्राप्त करने हेतु अपील लगाई गई है।

# बस दुर्घटना पर भट्ट ने जताया दु:ख

रूद्रपुर। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर सांसद अजय भट्ट ने सितारगंज में हुई स्कूल बस दुर्घटना में गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की है तो वहीं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। श्री भट्ट ने उप जिला अधिकारी को घायलों को हर समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने बताया कि किच्छा से नानकमत्ता चिल्ड्रंस डे में आए स्कूल बस की दुर्घटना की खबर बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस दुर्घटना में दिवंगत आत्माओं को शांति के लिए मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं तथा ईश्वर उनके परिजनों के इस कष्टकारी दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। श्री भट्ट ने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल उन्होंने उप जिला अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता की और हादसे में घायल छात्रों को समुचित उपचार दिए जाने के निर्देश दिए। श्री भट्ट ने कहा कि यदि बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर करने की आवश्यकता पड़े तो तत्काल प्रशासन घायल बच्चों के उपचार के लिए हर संभव कदम उठाए। श्री भट्ट ने कहा कि इस दुखद दुर्घटना में घायल सभी छात्रों का निशुल्क उपचार कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# आरएएन स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया बाल दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल, रूद्रपुर में बाल दिवस धूमधाम, हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दो वर्षो के बाद मनाए जाने वाले बाल दिवस के प्रति तीव्र उत्सुकता बच्चों में देखते ही बन पड़ती थी। विद्यालय में माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर चाचा नेहरू को स्मरण किया गया। तत्पश्चात बच्चों के लिए अध्यापक गण की ओर से विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसके साथ अध्यापकों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम, गीत, नृत्य, रैम्पवॉक आदि की प्रस्तुति दी गई जिसे देखकर बच्चे झूम उठे, बच्चों के लिए विशेष आकर्षण रहा विभिन्न प्रकार के गेम, खाने पीने के तरह तरह के स्टॉल, और मस्ती के लिए डी.जे. आदि।बाल दिवस के इस शुभ अवसर पर विद्यालय मुख्य अतिथि विंग कमाण्डर श्री खन्ना एवं श्रीमती खन्ना, संस्थापक आदरणीयविंग कमाण्डर श्रीमान एच.के. राय, श्रीमती मधु राय, प्रबंधक श्रीमान मोहित राय, संचालिका श्रीमती निधि राय उपस्थित रहे। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोत ने बच्चों को चाचा नेहरू के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने के लिए उत्साहित किया। सभी अतिथि गण ने बच्चों को बालदिवस की ढेरों शुभकामनाएँ दीं। इस प्रकार हर्षोल्लास भरे वातावरण में बालदिवस सम्पन्न हुआ।



# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया बाल दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।ब्लूमिंग डेल्स मॉडर्न स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से बाल-दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए विद्यालय के प्रबंधक विजय गिरधर , मैनेजर श्रीमती नीलम धंजू , प्रधानाचार्य पंकज लोहनी व उप- प्रधानाचार्य श्रीमती मृदुला गिरधर ने हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किये। तथा उनके जीवन से प्रेरणा लेने की सीख दी। उन्हें बच्चों, पुष्पों से अत्यधिक प्रेम था। बच्चों को उनके जीवन के बारे में बताने के बाद कार्यक्रम शुरू किया गया। जूनियर विंग के छोटे -छोटे जिसमे ग्रुप डांस,फैंसी ड्रेस और कैटवाक आदि सम्मिलित था। सीनियर विंग में छात्र-छात्राओं ने चार ग्रुपो में अनेक कार्यक्रम किये। जिसमे 5-6 का ग्रुप डांस 7-8 का ग्रुप डांस 9-12 का ग्रुप डांस का आयोजन हुआ। उसके बाद कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए चारों ग्रुपो ने ज्ञान वर्द्धक नाटकों का प्रदर्शन किया। इसके बाद कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सभी ग्रुप में भंगड़ा डांस हुआ। कार्यक्रम में कुछ बच्चों ने खाने पीने की दुकाने लगाई थी। जिसमे फास्टफूड, गेम ,फ्रूट चाट आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में हाउस कैप्टन तथा सीनियर छात्रों का बहुत योगदान रहा। इस उपलक्ष्य में सभी अध्यापक- अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।



# चाइल्ड लाइन ने बाल दिवस पर शुरू किया दोस्ती सप्ताह

रूद्रपुर( उद संवाददाता) ।कुमाऊं सेवा समिति चाइल्ड लाइन द्वारा मदरसा फैजुल मुस्तफा रजा पब्लिक स्कूल खेड़ा में चाइल्ड लाइन से दोस्ती सप्ताह का शुभारम्भ आज बाल दिवस मना कर किया गया। जिसका शुभारंभ बच्चो के द्वारा केक काट कर किया गया । कार्यक्रम में चाइल्ड लाइन केंद्र समन्वयक शायरा बानो ने बाल दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। लोगो मे जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल बाल दिवस मनाया जाता है। क्योंकि बच्चे देश की सफलता और विकास की कुंजी हैं। बच्चों को बाल अधिकारों, देखभाल और शिक्षा, चार्ट पेपर के माध्यम से गुड टच बैड टच ,साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। साथ ही चाइल्ड लाइन से दोस्ती सप्ताह मानने बारे में बताया।दोस्ती सप्ताह मानने का मुख्य उद्देश बच्चों के अंदर का भय खत्म करना व चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की पहुंच प्रत्येक व्यक्ति तक बनाना है जिससे वह मुसीबत में फंसे बच्चों को मदद कर सके। इसी के साथ चाइल्ड लाइन टीम के द्वारा स्कूल प्रधानाचार्य वी अध्यापकों को धन्यवाद कार्ड दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पैरा लीगल वॉलंटियर शालिनी गुप्ता ने विधिक की जानकारी दी। इस दौरान चाइल्ड लाइन केंद्र समन्वयक शायरा बानो , टीम मेंबर नंदनी वर्मा, अंशुल कपूर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शालिनी गुप्ता, अनीता सक्सेना, सोनी यादव , प्रधानाचार्य आफताब हुसैन, सुनील खान सहायक प्रधानाचार्य , आसिफ हुसैन सहायक अध्यापक , फरजंद अली , मेहनाज बी, शबीना बी, इमराना, खतीजा, साहिबा, सादिया बी, हमदो सना, हुसैफा बी, हुमा बी तथा विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।



# बाल दिवस पर भांगड़ा नृत्य का आयोजन किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होली चाइल्ड स्कूल में हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मोत्सव को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के छात्र प्रतिनिधि के रूप में चयनित हेड ब्वाय- चरनप्रीत सिंह, हेड गर्ल-महक अग्रवाल व एडवाइजर- सैफ हुसैन द्वारा चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने विशेष प्रात: कालीन प्रार्थना सभा की तत्पष्चात् सुविचार, समाचार-वाचन तथा घूमर नृत्य, भाँगड़ा, कुमाऊँनी नृत्य, गीत, कविताएँ आदि विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम उत्साहपूर्वक बच्चों के मनोरंजन हेतु प्रस्तुत किए। बच्चों ने बड़े उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का आनन्द लिया व सराहना की। अपने उद्बोधन में प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को अपने सपनों को साकार करने के लिए कर्मठता एवं परिश्रम का संदेश दिया कि 'परिश्रम ही सफलता की कुंजी है और मेहनत का कोई शार्टकट नहीं होता। उन्होंने कहा कि इन छोटे-बड़े विद्यार्थियों के मध्य में हमारा बचपन जीवंत हो उठता है, ये बच्चे हमें हमारा बचपन भूलने नहीं देते। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक योगराज बत्रा,चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, विनय बत्रा, प्रधानाचार्य मिंटू दूबे, उप-प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी, वरिष्ठ समन्वयक श्रीमति मंजू अधिकारी, जसपाल कौर एवं समस्त शिक्षकों ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं।










# रेनबो पब्लिक स्कूल में 'बाल दिवस' की धूम

## रंगारंग कार्यक्रमों में विभिन्न प्रकार के नृत्य, गीत योग अभ्यास और जूडो के अनेक करतब प्रस्तुत किए

रूद्रपुर। शहर के प्रतिष्ठित रेनबो पब्लिक स्कूल में 'बाल दिवस' रंगारंग कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि यूनिटी लॉ कॉलेज के डायरेक्टर आर. पी. शर्मा का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक संजीव मलिक, श्रीमती गीताजंलि मलिक, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पायल भारती और उपप्रधानाचार्य संजय अग्रवाल ने फूलों का गुलदस्ता देकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता और पं0 जवाहर लाल नेहरु की तस्वीर पर माल्यार्पण करके किया गया। मुख्य अतिथि के स्वागत में विद्यालय द्वारा 'स्वागत गीत ' प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका श्रीमती जिंदर कौर, स्मिता पाठक, नम्रता आर्या और शिवांगी ने किया। कार्यक्रम में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नर्सरी के छोटे -छोटे बच्चों दवारा प्रस्तुत 'रेम्प-शो' ने सभी दर्शकों का मनमोह लिया। रंगारंग कार्यक्रमों में विभिन्न प्रकार के नृत्य, गीत, योग-अभ्यास, जूडो के अनेक करतब प्रस्तुत किए गए। इस शुभावसर पर विद्यालय प्रागण में चारों सदनों दवारा फूड स्टॉल और अनेक आकर्षक खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी अभिभावकों एवं बच्चो ने स्वादिष्ट व्यंजनो का आनन्द उठाया एवं सभी खेलो में बढ़चढ़ कर भाग भी लिया। इस अवसर पर सामाजिक विज्ञान, विज्ञान व कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों दवारा विभिन्न विषयों पर बनें मॉडल जैसे ताजमहल, हवामहल, सोलर पॉवर प्लांट हवा तथा पानी ऊर्जा का विद्युत में परिवर्तन आदि सभी अतिथियों के आकर्षण का केन्द्र रहे। कार्यक्रमों में सर्वाधिक प्रिय 'लक्की ड्रा' का कार्यक्रम रहा। जिसमें सभी ने बढ- चढकर हिस्सा लिया और अनेक इनाम प्राप्त किए । अंत में मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में विद्यालय के छात्रो और अध्यापिकाओं दवारा प्रस्तुत कार्यक्रम की बहुत-2 प्रशंसा की विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पायल भारती ने सभी का धन्यवाद करते हुए सभी कार्यक्रमों की सराहना की भविष्य के भावी कर्णधार बच्चों को बाल दिवस की बधाई दी। क्रार्यक्रम में जी. एस. रावत, श्रीमती सरिता सिंह, कु0 काजल, श्रीमती अनुपम मिश्रा, श्रीमती सीमा त्यागी, श्री एम. सी बधानी, श्रीमती नैना अरोरा, श्रीमती बलविंदर कौर, श्रीमती लक्ष्मी नेगी, कु0 पिंकी, कु0 किरण सहित सभी विद्यालय के सभी अध्यापक और अध्यापिका मौजूद रहे। **( Advt)**















# गुंजन सुखीजा जी

## को भाजपा जिलाध्यक्ष

बनाये जाने जाने पर

## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**गुंजन सुखीजा**
भाजपा जिलाध्यक्ष (काशीपुर)



**मुनि भुसरी**
डायरेक्टर
श्री अन्नपूर्णा इण्डस्ट्रीज,गदरपुर
मोबा -9105113000



**गौतम अरोरा**
डायरेक्टर
श्री हरि कृपा कैमिकल,गदरपुर
मोबा– 80063 05033

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# हिंसक गीत और हथियार

पंजाब में बढ़ती हिंसा और चरमराती कानून व्यवस्था की सुध लेने के लिए अब जाकर राज्य सरकार की नींद टूटी है।फौरी तौर पर ही सही, पहला कदम तो सरकार ने यह उठाया कि हिंसा को बढ़ावा देने वाले गीतों और हथियारों के प्रदर्शन पर रोक लगा दी। अब सार्वजनिक स्थानों पर हथियारों का प्रदर्शन नहीं किया जा सकेगा। यानी सार्वजनिक समारोह, धार्मिक स्थलों, शादियों और इसी तरह के आयोजनों में हथियारों के प्रदर्शन और इस्तेमाल पर रोक रहेगी।यानी सरकार का सारा जोर हथियारों पर रोक को लेकर है, क्योंकि राज्य में तेजी से पनप रही बंदूक संस्कृति ने सरकार की नींद उड़ा दी है। छोटे–मोटे विवादों में भी लोग आवेश में आ जाते हैं और हथियारों का इस्तेमाल करने से नहीं चूकते। ऐसे विवाद दुश्मनी में बदलते देर नहीं लगती और इसका नतीजा उसी खूनखराबे के रूप में सामने आता है जो पिछले कुछ महीनों में देखने को मिलता रहा है।हालांकि पंजाब में आपराधिक गिरोहों का इतिहास पुराना है और अब तो यह साफ हो गया है कि राज्य में जिस तरह के अपराध हो रहे हैं, उन्हें अंजाम देने वाले सरगना विदेशों में बैठे हैं। कुछ महीने पहले पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद तो कोई संदेह ही नहीं रह गया कि राज्य में अपराध किस तेजी से बढ़ रहे हैं। सरकार को लग रहा है कि हथियारों के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा कर अपराधों पर लगाम लगाई जा सकती है। इसीलिए नए हथियार जारी करने पर पाबंदी लगा दी गई है। साथ ही पुराने लाइसेंसों की हर तीन महीने में समीक्षा करने की बात कही जा रही है। हालांकि ये सब कदम ऐसे हैं जो पहले भी उठाए जा सकते थे। लेकिन मूसेवाला की हत्या के बाद भी सरकार सोती रही। इसका नतीजा यह हुआ कि पिछले दिनों दो और हत्याएं हो गईं।चार नवंबर को शिवसेना (टकसाली) के नेता सुधीर सूरी और दस नवंबर को डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी प्रदीप सिंह को मार दिया गया। जिस तरह से बेखौफ आपराधिक तत्वों ने इन घटनाओं को अंजाम दिया, वह सरकार की कानून व्यवस्था के मुंह पर तमाचा है। क्या सरकार को यह नहीं देखना चाहिए कि हथियारों तक लोगों की पहुंच इतनी आसान कैसे होती जा रही है? आखिर राज्य पुलिस का सूचना तंत्र कर क्या रहा है? खुफिया एजेंसियां क्या कर रही हैं?दूसरे राज्यों के मुकाबले पंजाब कई मायनों में कहीं ज्यादा संवेदनशील राज्य है। यह राज्य पाकिस्तान की सीमा से सटा है। सीमा पार से हथियारों और नशीली पदार्थों की तस्करी कोई छिपी बात नहीं है। अब तो पाकिस्तान की ओर से यहां ड्रोन से भी हथियार गिराने की घटनाएं आम हो गई हैं। ऐसे में कड़ी सुरक्षा की जरूरत है। वैसे पंजाब में सीमाई इलाकों में सीमा सुरक्षा बल और सेना भी तैनात रहती ही है, लेकिन राज्य पुलिस की भूमिका कहीं ज्यादा बढ़ जाती है। जाहिर है, हर स्तर पर पुलिस तंत्र को मजबूत बनाने की जरूरत है। पुलिस तंत्र अपनी जिस तरह कार्य शैली और संस्कृति के लिए जाना जाता रहा है, उससे लगता नहीं कि आपराधिक तत्व आसानी से काबू आ पाएंगे। कौन नहीं जानता कि हथियारों के लाइसेंस किस तरह से दिए जाते हैं और कैसे बाजार में चोरी–छिपे हथियारों का धंधा चलता रहा है। क्या बिना स्थानीय पुलिस की सांठगांठ के बिना यह सब संभव है? बड़ा संकट तो यह है कि पंजाब में खालिस्तानी तत्व फिर से सक्रिय हो रहे हैं। नशे का कारोबार जोरों पर है ही। ऐसे में सरकार अगर नहीं चेती तो हालात बदतर होते देर नहीं लगने वाली।

MANUFACTURE DATE, EXPIRY DATE, BATCH CODE, PRINTER



AVAILABLE HERE
NEELKANTH ENTERPRISE
Near G Mart, Kashipur By Pass Road, Rudrapur Ph.: 9837071614

# सीएम धामी ने किया अंतरराष्ट्रीय जौलजीबी मेले का शुभारंभ

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। काली और गोरी नदियों के संगम पर दो देशों भारत और नेपाल सीमा पर लगने वाला जौलजीबी मेला आज से शुरू हो गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसका शुभारंभ किया। मेले को लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। हालांकि सीमा पार नेपाल में अभी इसे लेकर चहल पहल कम दिख रही है। इसका कारण वहां हो रहा चुनाव बताया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जौलजीबी मेले का उद्घाटन करते हुए कहा कि जौलजीबी मेला तीन देशों की संस्कृति ही नहीं, दिलों को जोड़ने वाला मेला है। सीमा पर तीन देशों की व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र है। भविष्य में पड़ोसी देशों के बीच कहीं पर जमी बर्फ पिघलाने का काम भी करेगा। कैलास मानसरोवर यात्रा भविष्य में इसी मार्ग से होगी। उन्होंने मंच से नेपाल के लोगों को भी मेले की शुभकामनाएं दी। सोमवार को काली गोरी नदियों के संगम स्थल पर मेले के उद्घाटन के दौरान उन्होंने कहा कि यह मेला आर्थिक, सांस्कृतिक ही नहीं, दो देशों की रोटी, बेटी के संबंधों को प्रगाढ़ करने वाला अन्य सब मेलों से अलग स्वरूप वाला मेला है। सीएम ने मेले के इतिहास को बताते हुए कहा कि उनका बचपन से ही इस मेले से सम्बन्ध रहा है। बचपन मे मेले से एक माह पूर्व से हम मेले को लेकर बात करते थे। धामी ने कहा कि धारचूला के एलधारा का ट्रीटमेंट उत्तरकाशी के वरुणावत की तर्ज पर होगा। वाडिया अस्थान, रुड़की आईआईटी सहित अन्य संस्थान अध्ययन कर रहे हैं। क्षेत्र की काली नदी सहित सीमा पर अन्य स्थानों के भूस्खन स्थलों के लिए वृहद योजना तैयार हो रही है। प्रस्ताव रक्षा और गृह मंत्रालय को भेजे गए है। उन्होंने कहा कि सरकार सीमांत के विकास के लिए सजग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीमाएं के विकास को प्राथमिकता देते हैं। कुछ माह पूर्व छारछुम में भारत नेपाल को जोड़ने के लिए मोटर पुल का शिलान्या किया है एक साल में पल तैयार हो जाएगा। उच्च हिमालय का छोक में प्रयुक्त होने वाले सेकुवा का सीएम धामी ने जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बचपन से ही वह सेकुवा के बारे में जानते थे। सेकुवा जौलजीबी मेले में मिलता है। आज मेले में आने के बाद सबसे पहले उन्होंने स्टाल पर उन्होंने सेकुवा ही पूछा। उन्हें सेकुवा बहुत मिला। सेकुवा उच्च हिमालय की जड़ी बूटी है। सीएम धामी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्री नारायण आश्रम आने वाले है। उन्हें इसके लिए आमंत्रित किया गया है और उन्होंने आश्वासन दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद भट्ट, मेला संस्थापक पाल राजवंश के उत्तराधिकारी कुँवर भानुराज पाल परम्परागत वेशभूषा में, सांसद, विधायक डीडीहाट, धारचूला। भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, डीएम रीना जोशी, एसपी लोकेश्वर सिंह, मेल्सधिकारी दिवेश शाशनी आदि।





# सड़कों के पैच मरम्मत के कार्य प्राथमिकता से पूरे करें: डीएम


अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में नवीन कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क मार्ग से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि पैच मरम्मत के कार्यों को जल्द पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सड़कों के पैच मरम्मत के कार्य शासन की प्राथमिकता में शामिल है इसलिए उक्त कार्यों को सौ प्रतिशत पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पैच मरम्मत के कार्यों की गुणवत्ता में कोई भी कमी नहीं आने पाए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी स्वयं पैच मरम्मत के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें साथ ही जनप्रतिनिधि को भी निरीक्षण में आमंत्रित करें। जिलाधिकारी ने निर्माण खंड अल्मोड़ा व प्रांतीय खंड अल्मोड़ा को निर्देश दिए कि उनके द्वारा ट्रैफिक कमिंग उपायों संबंधी अवशेष कार्य पर जल्द पूरे कर लिए जाएं। उन्होंने सभी सड़क मार्ग से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन सड़कों के किनारे अतिक्रमण किया गया है उन्हें तत्काल




वहां से हटाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि फुटपाथों पर किए गए अतिक्रमण का निरीक्षण करें एवं अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि विभिन्न लंबित मजिस्ट्रेटी जांचों को संबंधित एसडीएम से समन्वय स्थापित कर पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मार्गों में बाधा उत्पन्न करने वाले अनाधिकृत होर्डिंग को हटाया जाए। उन्होंने परिवहन विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा प्रवर्तन की कार्यवाही मैं तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में ओवरलोडिंग वह ओवरस्पीडिंग की शिकायत है आती है उन क्षेत्रों में संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि समय–समय पर स्कूली वाहनों की भी चेकिंग, ओवरलोडिंग, नशे में गाड़ी चलाने जैसी घटनाओं की भी लगातार चेकिंग की जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों पर हुई कार्रवाई की जानकारी संबंधित विभागों से प्राप्त की। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि जो भी निर्देश बैठक में दिए जाते हैं उन पर तत्काल कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा आगामी बैठक में, पूर्व बैठक के बाद की प्रगति की रिपोर्ट भी साथ लेकर उपस्थित होने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग तथा नगर पालिका को निर्देश दिए कि शहर मे सीसीटीवी कैमरा व साइनेज का व्यवस्थित मैप बनाया जाए ताकि बाहर से आने वाले पर्यटकों और लोगों को शहर की विस्तृत जानकारी एक साथ मिल सके। बैठक में नोडल अधिकारी सड़क सुरक्षा समिति के अधीक्षण अभियन्ता लोनिवि जे0सी0 आर्य सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# बिरसा मुंडा पराक्रम के एकलव्य

मातृभूमि में जल, जंगल और जमीन से बेदखल किये जाने के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले जन नायक बिरसा मुंडा का अवतरण 15 नवंबर 1875 को माता करमी पिता सुगना बिरसा पुर्ती (मुंडा) के घर झारखंड में खूंटी जिले के उलीहातू गांव में हुआ। साल्गा गाँव में प्रारम्भिक पढाई के बाद इन्होंने चाईबासा में गोस्नर एवंजिलकल लुथार विधालय में पढ़ाई की। इनका मन हमेशा अपने समाज लगा रहता था। ब्रिटिश शासकों द्वारा की गई बुरी दशा पर सोचते रहते थे। उन्होंने बिरसा मुंडा लोगों को अंग्रेजों से मुक्ति पाने के लिये अपना नेतृत्व प्रदान किया। बिरसा मुंडा ने पूरे मनोयोग से अपने लोगों की सेवा की। अंग्रेजी हुकूमत, जमींदारी प्रथा और सूदखोर महाजनी व्यवस्था के खिलाफ बिरसा मुंडा के नेतृत्त्व में 19वीं सदी के आखिरी दशक में किया गया मुंडा विद्रोह उन्नीसवीं सदी के सर्वाधिक महत्वपूर्ण जनजातीय आंदोलनों में से एक है। इसे उलगुलान (महान हलचल) नाम से भी जाना जाता है। मुंडा विद्रोह झारखण्ड का सबसे बड़ा और अंतिम रक्ताप्लावित जनजातीय विप्लव था, जिसमे हजारों की संख्या में मुंडा आदिवासी बलिदानी हुए। बिरसा मुंडा ने 1895 से 1900 तक आदिवासी अस्मिता, स्वतंत्रता और संस्कृति को बचाने के लिए विद्रोह किया। दरअसल, 1894 में छोटा नागपुर में मानसून की बारिश नहीं हुई। इसके बाद इलाके में भीषण अकाल और महामारी फैली। इस दौरान बिरसा मुंडा ने लोगों के बीच काफी काम किया और उन्हें एकजुट किया। बिरसा मुंडा ने साहस की स्याही से पुरुषार्थ के पृष्ठों पर शौर्य की गाथा लिखी। उन्होंने हिन्दू धर्म और ईसाई धर्म का



बारीकी से अध्ययन किया तथा इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि आदिवासी समाज मिशनरियों से भ्रमित है। बिरसा मुंडा सही मायने में पराक्रम और सामाजिक जागरण के धरातल पर तत्कालीन युग के एकलव्य और स्वामी विवेकानंद थे। बिरसा मुंडा की गणना महान देशभक्तों में की जाती है।साल 1900 तक मुंडाओं और अंग्रेज सिपाहियों के बीच युद्ध और टकराव होता रहा। साल 1897 में बिरसा मुंडा ने तीर–कमान से लैस अपने चार सौ साथियों के साथ खूंटी थाने पर हमला कर दिया। 1898 में भी अंग्रेजी सेना के साथ बिरसा मुंडा का टकराव हुआ। जनवरी 1900 में डोम्बरी पहाड़ पर एक और ऐसा ही संघर्ष हुआ, जब बिरसा मुंडा एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस टकराव में कई औरतें और बच्चे भी मारे गए। लगभग महीने भर बाद फरवरी में चक्रधरपुर के जमकोपाई जंगल से अंग्रेजों ने खतरे का संकेत समझकर बिरसा मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें दो साल की कैद की सजा सुनाई गई और रांची कारागार में रखा गया। जहां 07 जून 1900 को अंग्रेजों ने धरती के पिता को जहर देकर हम से छिन लिया। इस बर्बरता का परिणाम हुआ कि आबा की संतानों ने अंग्रेजों का अपनी मातृभूमि से नामोनिशान मिटा दिया।देश के एक बड़े हिस्से के जनमानस में इस महान विद्रोही नायक को भगवान की तरह पूजा जाता है। उन्होंने अपने जीवन काल में ही एक महापुरुष का दर्जा पाया। उन्हें उस इलाके के लोग धरती आबा के नाम से पुकारा और पूजा करते थे। उनके प्रभाव की वृद्धि के बाद पूरे इलाके के मुंडाओं में संगठित होने की चेतना जागी। अभिभूत, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय और सरोकार प्रेरणादायी है। शत–शत वीरांजलि!

**–हेमेन्द्र क्षीरसागर, पत्रकार, लेखक व स्तंभकार**

# ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करें अधिकारी : डीएम

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल की अध्यक्षता में यहां आयोयजित जनता दरबार में 14 शिकायतें दर्ज हुई। डीएम ने लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों से सख्त लहजे में कहा कि आज उठी समस्याएं दोबारा नहीं आनी चाहिए। अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करें और छोटी–छोटी समस्याएं वहीं निपटाएं। लोगों को छोटी–छोटी समस्याओं के लिए जिला मुख्यालय न आना पड़े। इसमें लापरवाही सहन नहीं होगी। कलक्ट्रेट में सोमवार को जनता दरबार लगा। जनता दरबार में प्रकाश चंद्र ने आवास विहिन होने की बात रखते हुए आवास की मांग की। उमेश टाकुली ने मंडलसेरा बाईपास में सड़क पर बड़े–बडेघ गढ्ढे होने व सड़क में जमा मलबे को हटाने की मांग रखी। नवीन सिंह ने कहा कि वे जलागम में कार्यरत थे, जलागम प्रोजेक्ट समाप्त हो गया है उन्हें कृषि विभाग में समायोजित किया जाए। गरुड़ के खीम सिंह ने ग्राम प्रधान द्वारा अनियमितताएं करने की शिकायत की। कहा खुली बैठकों में जो ग्रामवासी नहीं आते उनके प्रस्ताव रखे जाते हैं, जबकि जो उपस्थित होते हैं उनके प्रस्ताव सूची में नहीं रखे जाते हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को तुरंत जांच करने के निर्देश दिए। नैन राम ने अनर्सा सड़क पीएमजीएसवाई द्वारा काटी जा रही है। उनकी भूमि कट रही है उनकी भूमि का मुआवजा देने की मांग की। कौसानी के पूरन सिंह ने 2019 में इंटर पास बालिकाओं को कन्याधन का लाभ न मिलने की शिकायत की। विजय कुमार ने चौगांवछीना सड़क उनके घर के ऊपर टूटी है तथा उनके घर को खतरा बना हुआ है। जनता दरबार में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनीता टम्टा, उप जिलाधिकारी हरगिरी, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन, महाप्रबंधक उद्योग जीपी दुर्गापाल, ईई जनसंस्थान सीएस देवड़ी, ईई लोनिवि राजकुमार आदि थे।



# परमात्मा का ध्यान ही मन का स्नान है : मृदुल कृष्ण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हरि शरणम् जन सेवायत द्वारा एम बी इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित भक्ति महोत्सव में श्रीमद्भागवत कथा में वृंदावन से पधारे विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक श्रद्धेय मृदुल कृष्ण शास्त्री जी ने द्वितीय दिवस की कथा में कहा कि भगवान कहते हैं कि अगर कोई मुझे पकड़ सकता है तो वो भक्ति से पकड़ सकता है। व्यक्ति को प्रात: काल, सायंकाल एवं रात्रि को सोते समय अपने भगवान का ध्यान कम से कम दो मिनट का स्मरण जरूर करना चाहिए इससे व्यक्ति हमेशा ऊर्जावान बना रहता है। उन्होंने कहा कि जहां राम कृष्ण नाम के मोती बिखरे हों उन्हें झोली में भर लो। इससे पूर्व कथा के शुभारंभ के अवसर पर व्यास श्रद्धेय मृदुल कृष्ण शास्त्री जी ने लाड़ली जी नाम के गज (हथिनी) का पूजन किया। हरि शरणम जन के संस्थापक श्रद्धेय स्वामी राम गोविंद दास भाई जी ने श्रीमद् भागवत की आरती की।



# बाल दिवस पर मौत की पिकनिक निजी बस का चालक बना 'काल'










## छात्रा और शिक्षिका की मौत, तीस से अधिक छात्रायें हुई घायल बस चालक की घोर लापरवाही और स्कूल प्रबंधन पर उठे सवाल सीएम ने दिये स्कूल बस दुर्घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश

सितारगंज(उद संवाददाता)। स्कूली छात्राओं को टूर से वापस लेकर जा रही बस की आमने सामने ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में बस डिवाडर पर पलट गई, जिससे बस में सवार लगभग 51 छात्राओं में 30 छात्राये व 6 शिक्षिकाये घायल हो गई। हादसा इतना भयंकर था कि बस के परखच्चे उड़ गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के राहगीरों ने बस में फंसी छात्राओं को वाहन की बॉडी काटकर निकाला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आपातकालीन वाहन एवं निजी वाहनों से घायल छात्राओं को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने एक छात्रा ज्योत्सना 14 वर्ष एवं एक शिक्षिका लता गंगवार 37 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए हादसे में मृत छात्रा व शिक्षिका के परिवारों को दो दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के साथ ही सभी घायलों का सरकार की ओर से निशुल्क इलाज कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना की मजिस्ट्रेट जांच के भी आदेश डीएम युगल किशोर पंत को दिए, जिस पर डीएम ने सितारगंज एसडीएम तुषार सैनी को जांच सौंप दी है। जानकारी के अनुसार किच्छा स्थित वैध राम सुधि सिंह गर्ल्स कॉलेज का प्रबंधन छात्राओं को लेकर नानकमत्ता टूर पर ले गया था। इस दौरान टूर समाप्त होने के बाद छात्राओं को बस द्वारा अपने गंतव्य स्थान पर ड्राइवर लेकर जा रहा था। जब बस सितारगंज पहुंची तो ड्राइवर बस को बायपास मार्ग से वीरेंद्र नगर होते हुए हाईवे पर लेकर पहुंचा, तभी ड्राइवर ने बस को उल्टी दिशा से दौड़ना स्टार्ट कर दिया। हाइवे में डिवाइडर पर कट नही होने के कारण बस उल्टी दिशा से ही किच्छा की ओर जा रही थी। नयागांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे में बस, डिवाइडर के निकट पलट गई। हादसा इतना भयंकर हुआ कि बस के चिथड़े उड़ गए एवं छात्राएं बस की सीटों में अंदर फस गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई, राहगीरों द्वारा आपातकालीन वाहन एवं पुलिस को सूचना दी जिस पर आपातकालीन वाहन एवं राहगीरों के वाहनों से घायल छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को नगर के सीएचसी में लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने कुछ गंभीर घायल छात्राओं को नगर के प्राइवेट अस्पतालों में रेफर कर दिया एवं कुछ को सुशीला तिवारी हॉस्पिटल रेफर कर दिया। घटना की सूचना घायल छात्राओं के परिजनों को दी गई जिसके बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंचे जिलाधिकरी युगल किशोर पन्त, एसडीएम तुषार सैनी, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, मंडी चेयरमैन अमरजीत सिंह कटवाल आदि भी मौके पर पहुंच गए उन्होंने घायलों का हालचाल जाना।







## रॉन्ग साइड में दौड़ती रही बस,पुलिस बेखबर

### भीषण हादसे की खबर से मचा कोहराम,डीएम,एसएसपी समेत कई जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल पहुंचकर जाना हाल

रुद्रपुर। वैद्य राम शुद्धि जूनियर हाई स्कूल की ओर से बाल दिवस पर बच्चों को निजी बस से पिकनिक पर भेजना स्कूल प्रबंधन को भारी पड़ सकता हैं हांलाकि हादसे के बाद अब शिक्षा विभाग भी स्कूल पर शिकंजा कसने की तैयारी में है जबकि बेलगाम बस चालक की लापरवाही को लेकर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। यातायात व्यवस्था को सुधारने और नियमों का पालन करने में घोर लापरवाही बरती जा रही है जिस पर साशन प्रशासन के चैकिंग अभियान पर सवाल उठाये जा रहे है। बताया जा रहा है कि अनुबंधित बस को ले जाने से पहले मानकों को परखा था या नहीं इसके लिये पांच अन्य टीमें भी जांच करेंगी, जिनमें मजिस्ट्रियल जांच, एआरटीओ की टेक्निकल टीम, पुलिस, तहसीलदार एवं पटवारी की रिपोर्ट भी शामिल होगी। हादसे के बाद पहला सवाल यही उठा कि चालक कितना अनुभवी था। कहीं वह नौसिखिया तो नहीं, जिसके चलते घटना हुई। यूं तो निजी स्कूलों में अपने वाहन होते हैं, जिनसे बच्चों को लाया एवं ले जाया जाता है। ऐसे में सबसे पहला सवाल उठ रहा है कि स्कूल प्रबंधन की ओर से बच्चों को स्कूली बस से पिकनिक पर न ले जाकर एक निजी बस को क्यों हायर किया गया। मानकों में स्पष्ट है कि स्कूली वाहन का स्टेयरिंग कम से कम पांच वर्षीय अनुभवी चालक के हाथों में ही जाना चाहिए। इतना ही नहीं, नियम में परिचालक भी अनुभवी होना बताया गया है। ऐसे में इस दुर्घटना से कई अनियमितताओं को उजागर किया है।सवाल यह भी उठता है कि बैरिकेडिंग के पास से करीब 500 मीटर से अधिक दूर तक बस गलत दिशा में चलती रही और उसे न पुलिस ने रोका और न ही यातायात पुलिस को यह बेलगाम बस नजर आयी। सितारगंज में हुए भीषण हादसे की जांच के लिये जिला और पुलिस प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि हर पहलू की पड़ताल की जा रही है। हादसे का जो भी जिम्मेदार होगा उसे छोड़ा नहीं जाएगा। घटना के बाद डीएम युगल किशोर पंत और एसएसपी मंजूनाथ टीसी भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने डीएम के समक्ष क्षेत्र में बिना फिटनेस बसों के संचालन का मुद्दा उठाया। बताया कि कई बार शिकायत के बाद भी यहां संभागीय परिवहन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जाती। डीएम युगल किशोर पंत ने बताया कि सभी घायलों का इलाज सरकार की तरफ से निशुल्क करवाया जाएगा। साथ ही मृतकों के स्वजनों को दो लाख की सहायता राशि दी जाएगी

## अमेनिटी में 'मिराक' एवं गोल्डन बेबी फुटबॉल लीग का धमाल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।बाल दिवस के अवसर पर अमेनिटी पब्लिक स्कूल में मिराकी रंगारंग कार्यक्रम एवं गोल्डन बेबी लीग फुटबॉल बेबी लीग फुटबॉल टूर्नामेन्ट का उदघाटन जिला अधिकारी युगल किशोर पन्त द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आरंभ युगल किशोर पन्त, सी .डी. ओ विशाल मिश्रा ,वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक टी. सी मंजुनाथ ,मेयर रामपाल सिंह, धीरेन्द्र पंवार, अख्तर अली, आरीफ अली, उत्तराखण्ड स्टेट फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव द्वारा दीप प्रज्जवलित कर के किया गया। विद्यालय की प्रबन्धक समिति सुभाष अरोरा, प्रीतम अरोरा, गुरदीप अरोरा, दिलीप अरोरा द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।गोल्डन बेबी लीग फुटबाल टूर्नामेंट जो कि इण्डिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित टूर्नामेंट है, का उदघाटन किया गया। अमेनिटी एक मात्र संस्था है, जो उत्तराखण्ड् में इस टूर्नामेंट का आयोजन करती है। यह फुटबॉल लीग 3 महीने तक चलेगी तथा इसमें 8 वर्ष, 10 वर्ष एवं 12 वर्ष की आयु की 24 टीमों में 300 बच्चे प्रतिभाग करेंगे। इस फुटबॉल लीग को कराने का उद्देश्य ग्रास लेवल पर फुटबॉल के प्रति बच्चों में रूचि पैदा करना है। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सभी अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉल आकर्षण का केन्द्र रहे। बच्चों ने बाल मेले का भरपूर आनन्द उठाया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि युगल किशोर पन्त ने अपने सम्बोधन में विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा मोदी द्वारा चलाए जा रहे 'फिट इण्डिया कार्यक्रम' में विद्यालय के योगदान की प्रशंसा की और कहा पढ़ाई के साथ खेल भी अति आवश्यक है और विशेषतया करोना काल के बाद तो यह और महत्वपूर्ण हो गया है ताकि बच्चे स्वस्थ रहें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा शिक्षण के क्षेत्र में विद्यालय का नाम प्रदेश एंव जिला स्तर पर रोशन करने वाले बच्चों को चेक प्रदान कर सम्मानित किया । केरिकुलम प्रोवोस्ट मिस गुरविन्द्र सूरी द्वारा विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों एंव उपलब्धियों से सभी को अवगत करवाया।विद्यालय प्रबन्धन द्वारा सभी अतिथियों तथा प्रतिभाग करने वाले बच्चों एंव अभिभावको एंव शिक्षकों ,कर्मचारियों जिन्होने अपने अथक परिश्रम से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया,सभी को धन्यवाद दिया।







## केक काटकर मनाया बाल दिवस

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तपेड़ा नानकमत्ता में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन तथा केक काटकर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक दयाशंकर शर्मा ने पंडित नेहरू के जीवन वृत्त पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा विज्ञान अध्यापक हरीश कुमार



एवं श्रीमती सुमन लता मेंदोला ने भी बच्चों को पंडित नेहरू के जीवन से संबंधित जानकारियां दी। शिक्षिका श्रीमती सीमा कंचन द्वारा एक सुंदर गीत गाया गया तथा छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का सुंदर प्रस्तुतीकरण हुआ। इस अवसर पर सभी बच्चों ने केक काटकर पंडित नेहरू का जन्मदिन मनाया तथा विभिन्न प्रकार के खेल जैसे कबड्डी खो-खो कुर्सी दौड़ आज खेला गया। शिक्षक शिक्षिकाओं की ओर से छात्र छात्राओं को विशेष भोज दिया गया। विशेष भोज में पूरी छोले मिक्स सब्जी केक आदि वितरित किया गया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के साथ हुआ।